हिन्दी दैनिक

RNI-BIHHIN/2012/43368

# नवशक्ति

www.navshaktinews.in

navshakti news paper patna

वर्ष : 14, अंक : 23 | पटना, मंगलवार, 11 मार्च, 2025 | पृष्ठ, : 8 मूल्य : दो रुपये

# मुख्यमंत्री ने पटना मेट्रो रेल परियोजना के निर्माण कार्यों की प्रगति का लिया जायजा, निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करने का दिया निर्देश

**पटना।** मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज पटना मेट्रो रेल परियोजना के निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने गांधी मैदान, पी०एम०सी०एच० और पटना विश्वविद्यालय के समीप पटना मेट्रो रेल परियोजना अन्तर्गत निमार्णाधीन कार्यों का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों ने पटना मेट्रो रेल परियोजना की प्रगति एवं अद्यतन स्थिति के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। इसके अलावा राजेंद्र नगर, मोइनुलहक स्टेडियम, मलाही पकड़ी, खेमनीचक, पहाड़ी पर, जीरो माइल मेट्रो स्टेशन और आई०एस०बी०टी० मेट्रो स्टेशन के निर्माण कार्यों की प्रगति के संबंध में भी अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कार्ययोजना के अनुरूप पटना मेट्रो रेल परियोजना के निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करायें। मेट्रो का निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने से लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत होगी, उन्हें भीड़भाड़ से छुटकारा मिलेगा।



ज्ञातव्य है कि पटना मेट्रो रेल परियोजना की स्वीकृति 27 फरवरी 2019 को दी गयी। इस परियोजना के अंतर्गत कुल 31.9 कि०मी० मेट्रो रेललाईन का निर्माण होना है, जिसमें कुल 24 स्टेशन प्रस्तावित हैं। इस परियोजना का क्रियान्वयन दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के द्वारा किया जा रहा है, जिसका पर्यवेक्षण नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार सरकार के द्वारा किया जा रहा है। भूमिगत मेट्रो लाईन के निर्माण हेतु 21 नवंबर 2023 को गांधी मैदान स्टेशन से टी०बी०एम० (टनल बोरिंग मशीन) के द्वारा कार्य प्रारंभ किया गया जो आकाशवाणी भूमिगत स्टेशन होते हुए पटना स्टेशन तक पहुंच चुकी है। मलाही पकड़ी से खेमनीचक, भूतनाथ रोड, जीरोमाईल, पाटलिपुत्र बस टर्मिनल तक पटना मेट्रो लाईन (कुल 6.01 कि0मी0) को प्राथमिकता के आधार पर निर्माण कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। इस लाईन को 15 अगस्त 2025 तक चालू करने का लक्ष्य निर्धारित है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ, नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, पटना के जिलाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक अवकाश कुमार सहित पटना मेट्रो रेल परियोजना के अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## सरकार ने पशुपालकों के हित में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए : मुख्यमंत्री शर्मा

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को कहा कि सरकार राज्य के सर्वांगीण विकास के साथ ही गौमाता के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए संकल्पित होकर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की ओर से हाल में पेश किए गए बजट में गौमाता और पशुपालकों के हित में कई महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। शर्मा मुख्यमंत्री निवास पर गौशालाओं की अनुदान राशि बढ़ाने के लिए आयोजित आभार सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि राज्यभर में संचालित गौशालाओं और नंदीशालाओं के लिए प्रति पशु अनुदान राशि इस साल 15 प्रतिशत बढ़ाकर 50 रुपये प्रतिदिन करने का फैसला किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा, हमने पिछले साल गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना शुरू की थी, जिसमें गौवंश के लिए शेड, खेली निर्माण और दुग्ध, चारा, बांटा संबंधी उपकरण खरीदने के लिए एक लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। अब हम आगामी वित्त वर्ष में भी ढाई लाख गोपालक परिवारों को इस योजना का लाभ मुहैया कराएंगे। उन्होंने बताया कि गोपालकों को और अधिक राहत देते हुए बजट में गोपाल क्रेडिट कार्ड के लिए जरूरी सभी दस्तावेजों पर स्टांप ड्यूटी माफ करने और योजना के प्रावधानों को सरल बनाने का भी प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा, हमारी सरकार प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में गौ-संरक्षण के लिए दूरदर्शी सोच के साथ काम कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### ओडिशा में 10 वर्षों में 41 बांग्लादेशियों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज किए गए : मोहन चरण माझी

**ओडिशा।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने सोमवार को विधानसभा को सूचित किया कि पुलिस ने पिछले 10 वर्षों के दौरान राज्य में 41 बांग्लादेशियों के खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज किए हैं। भाजपा विधायक मानस कुमार दत्ता के एक प्रश्न के लिखित उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में कुल 3,738 बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान की गई है। उन्होंने कहा कि सबसे अधिक 1,649 अवैध बांग्लादेशी प्रवासी केंद्रपाड़ा में मिले, इसके बाद जगतसिंहपुर में 1,112, मलकानगिरी में 655, भद्रक में 199, नबरंगपुर में 106 और भुवनेश्वर में 17 अवैध बांग्लादेशी प्रवासी मिले।

### जम्मू जा रही बस के ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराने से चार लोगों की मौत, 11 घायल

**जालंधर।** पंजाब के जालंधर जिले में सोमवार को एक बस के ईंटों से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराने से चार लोगों की मौत हो गई जबकि 11 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना जालंधर के काला बकरा इलाके के पास उस समय हुई जब बस राजस्थान से जम्मू जा रही थी। पुलिस ने बताया कि जब ट्रैक्टर-ट्रॉली गांव की सड़क से जालंधर-पठानकोट राजमार्ग पर आई तो बस ने उसमें टक्कर मार दी। पुलिस के अनुसार, बस चालक और एक यात्री की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य यात्रियों ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।

# महाराष्ट्र में वधावन बंदरगाह 2030 तक चालू हो जाएगा : अजीत पवार

**मुंबई।** महाराष्ट्र के वित्त मंत्री अजीत पवार ने सोमवार को कहा कि पालघर जिले में विकसित किया जा रहा वधावन बंदरगाह वर्ष 2030 तक चालू हो जाएगा। पवार ने राज्य विधानसभा में वित्त वर्ष 2025-26 का बजट पेश करते समय यह घोषणा की।

वित्त मंत्री ने कहा, पालघर में बन रहा वधावन बंदरगाह 2030 तक चालू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि मुंबई के लिए तीसरा हवाई अड्डा वधावन बंदरगाह के पास बनाने का प्रस्ताव है। इसके अलावा मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन का एक स्टेशन भी इस



बंदरगाह के नजदीक बनेगा। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र की नई औद्योगिक नीति 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश और 50 लाख नौकरियों के सृजन पर केंद्रित होगी। पवार ने अपने बजट भाषण में कहा कि मुंबई महानगर क्षेत्र को विकास केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है और 2047 तक इसकी अर्थव्यवस्था 1.5 लाख करोड़ डॉलर की हो जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि महाराष्ट्र में नई स्वास्थ्य और वरिष्ठ नागरिकों की नीति होगी।

पवार ने अपने बजट भाषण में जल्द ही शिरडी हवाई अड्डे पर रात के समय विमानों के उतरने की सुविधा शुरू होने की भी घोषणा की। उन्होंने यह भी कहा कि अगले महीने से नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से घरेलू उड़ानें संचालित होंगी।

उन्होंने कहा कि इसका 85 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है और परीक्षण भी सफलतापूर्वक किए जा चुके हैं। पवार ने कहा कि मेट्रो

# राहुल गांधी ने मतदाता सूची के मुद्दे पर लोकसभा में चर्चा की मांग उठाई

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने विभिन्न राज्यों में मतदाता सूचियों में कथित गड़बड़ी का मुद्दा सदन में उठाया और इस पर सदन में चर्चा की मांग की। सदन में शून्यकाल के दौरान राहुल गांधी ने कहा कि महाराष्ट्र और कुछ अन्य राज्यों में मतदाता सूचियों को लेकर सवाल उठे हैं।

उन्होंने कहा, मैं इस बात से सहमत हूं कि मतदाता सूची सरकार नहीं बनाती, लेकिन पूरे देश में मतदाता सूची को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा, पूरा विपक्ष यह मांग कर रहा है कि मतदाता सूची पर चर्चा हो जाए।



इससे पहले, तृणमूल कांग्रेस के सदस्य सौगत रॉय ने कहा कि उनकी पार्टी की प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कागजात दिखाए हैं जिससे पता चला है कि मतदाता पहचान पत्र संख्या का दोहराव हो रहा है। उन्होंने दावा किया, कुछ गंभीर गड़बड़ी है, जिसके बारे में पहले महाराष्ट्र में बात हुई थी। हरियाणा में भी इसे लेकर बात हुई थी। तृणमूल कांग्रेस सदस्य ने पश्चिम बंगाल और असम में भी भविष्य में इस तरह की बात सामने आने की आशंका जताई। रॉय ने कहा, पूरी मतदाता सूची में

# हंगामे के साथ शुरू हुआ बजट सत्र का दूसरा चरण, वोटर लिस्ट और एनईपी पर विपक्ष का सवाल

**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण आजे से शुरू हुआ। पहले ही दिन विपक्ष और सरकार के बीच राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के माध्यम से कथित तौर पर हिंदी भाषा थोपे जाने को लेकर एक बार फिर टकराव देखने को मिला। डीएमके सांसदों ने केंद्र पर शिक्षा निधि रोकने का आरोप लगाया और सवाल किया कि क्या राज्य सरकार के खिलाफ राजनीतिक प्रतिशोध के लिए स्कूल फंड का इस्तेमाल करना उचित है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने हमले का जवाब दिया और विरोध करने वाले सदस्यों पर एनईपी पर देश को गुमराह करने का आरोप लगाया। इसके साथ ही राहुल गांधी ने मतदाता सूची के मुद्दे पर लोकसभा में चर्चा की मांग उठाई। वहीं, संसद के दोनों सदनों ने आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी जीतने पर सोमवार को भारतीय क्रिकेट टीम को बधाई दी और भविष्य के मुकाबलों के लिए शुभकामनाएं दीं।

लोकसभा में सोमवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लेकर द्रमुक सदस्यों के हंगामे के कारण कार्यवाही आधे घंटे के लिए स्थगित करनी पड़ी। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने विपक्षी दल पर तमिलनाडु के छात्रों के भविष्य को बर्बाद करने का आरोप लगाया। पीएमश्री योजना को लेकर द्रमुक सांसद टी सुमति के पूरक प्रश्न पर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के जवाब के बाद द्रमुक सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को लोकसभा में द्रमुक सदस्यों के विरोध के बाद अपने वक्तव्य से एक शब्द वापस ले लिया और आसन ने भी इस शब्द को सदन की कार्यवाही से हटाने का निर्देश दिया।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने विभिन्न राज्यों में मतदाता सूचियों में कथित गड़बड़ी का मुद्दा सदन में उठाया और इस पर सदन में चर्चा की मांग की। सदन में शून्यकाल के दौरान राहुल गांधी ने कहा कि महाराष्ट्र और कुछ अन्य राज्यों में मतदाता सूचियों को लेकर सवाल उठे हैं। उन्होंने कहा, मैं इस बात से सहमत हूं कि मतदाता सूची सरकार नहीं बनाती, लेकिन पूरे देश में मतदाता सूची को लेकर



सवाल खड़े हो रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा, पूरा विपक्ष यह मांग कर रहा है कि मतदाता सूची पर चर्चा हो जाए। कांग्रेस के कई सदस्यों ने केरल में आशा कार्यकर्ताओं के आंदोलन का विषय सोमवार को लोकसभा में उठाया और केंद्र सरकार से आग्रह किया कि बैठक बुलाकर मामले का समाधान किया जाए। कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल, शशि थरूर, वीके श्रीकंदन और शफी परम्बिल ने शून्यकाल में इस मुद्दे को उठाया।समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद आनंद भदौरिया ने उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले में एक पत्रकार की हत्या का मुद्दा सोमवार को लोकसभा में उठाया और इस घटना की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से कराने का आग्रह किया।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद निशिकांत दुबे ने तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक पर चुनाव जीतने के लिए भावनाएं भड़काने का आरोप लगाते हुए सोमवार को दावा किया कि विपक्षी पार्टी राष्ट्रीय शिक्षा नीति का विरोध करने के साथ देश की अन्य भाषाओं का भी विरोध कर रही है। दुबे ने लोकसभा में शून्यकाल में कहा, द्रमुक पार्टी केवल भावना भड़काने का काम कर रही है। तमिल पुरानी है, लेकिन संस्कृत उससे भी पुरानी है। देश के किसी भी मंदिर में चले जाएं, तमिल, तेलुगु, कन्नड किसी भी वाले क्षेत्र में चले जाएं, सभी मंदिरों में आज भी पूजा संस्कृत में ही होती है। सरकार ने सोमवार को लोकसभा में यह जानकारी दी कि चालू वित्त वर्ष में दिसंबर 2024 तक कार्ड, ऑनलाइन माध्यमों से और डिजिटल भुगतान धोखाधड़ी के कारण लोगों को कुल 107 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि पूरे वित्त वर्ष 2023-24 (अप्रैल-मार्च) में इस तरह की धोखाधड़ी से 177 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी और द्रमुक की नेता कनिमोझि के बीच सोमवार को लोकसभा में उस वक्त तीखी नोकझोंक हुई।

## कान्हा राष्ट्रीय उद्यान में में नक्सलियों से मुठभेड़, सुरक्षा बलों ने एक को किया ढेर

**मंडला।** मध्य प्रदेश के मंडला स्थित कान्हा नेशनल पार्क में सोमवार को पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक नक्सली की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ में पुलिस कर्मियों की एक टीम और 18 से 20 नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। फिलहाल तलाशी अभियान जारी है। उन्होंने कहा कि नक्सली की मौजूदगी की सूचना मिलने पर पुलिस और सुरक्षाकर्मियों की टीमें जंगल में गईं, जहां 18-20 नक्सलियों के साथ मुठभेड़ हुई। इसके बाद एक नक्सली का शव बरामद किया गया। नक्सलियों के दो समर्थकों को गिरफ्तार किया गया है। तलाशी अभियान जारी है। दूसरी ओर छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में सोमवार को पांच-पांच लाख रुपये के इनामी तीन नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। कथित तौर पर दो महिलाओं सहित ये नक्सली कई हमलों में शामिल थे और सरकार की पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों की पहचान दिलीप कुमार उर्फ संतू, मंजू लता उर्फ लक्ष्मी और सुनीता उर्फ जुनकी के रूप में की गई है। इन सभी को 25-25 हजार रुपये के चेक दिए गए और सरकार की नीति के अनुसार इनका पुनर्वास किया जाएगा। दिलीप कुमार ने अपनी स्वचालित राइफल के साथ आत्मसमर्पण किया।

# एबीवीपी मैनेजमेंट की पाठशाला: रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) द्वारा आयोजित तीन दिवसीय छात्र संसद के द्वितीय सत्र छात्रा संसद का आयोजन आज नई दिल्ली स्थित कन्वेंशन सेंटर में भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस छात्रा संसद में देशभर के 38,000 से अधिक छात्राओं के व्यापक सर्वेक्षण के आधार पर चयनित 300 छात्रा प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस सर्वेक्षण के माध्यम से शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन और नेतृत्व से संबंधित विषयों पर गहन विमर्श करने के लिए छात्रा संसद की रूपरेखा तैयार की गई। कार्यक्रम में दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता जी के साथ राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती विजया रहाटकर, राष्ट्रीय पुस्तक न्यास के अध्यक्ष प्रो. मिलिंद मराठे, सर्वोच्च न्यायालय की अधिवक्ता श्रीमती मोनिका अरोड़ा जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। साथ ही अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री वीरेंद्र सिंह सोलंकी, अखिल भारतीय छात्रा कार्य प्रमुख मनु शर्मा कटारिया, राष्ट्रीय मंत्री शालिनी वर्मा, दिल्ली प्रांत अध्यक्ष तपन बिहारी, केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य निव्यांग सुमेर, प्रांत सह मंत्री अपराजिता भी मंच पर उपस्थित रहीं। छात्रा संसद में छात्राओं से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई और सदन के समक्ष कई महत्वपूर्ण माँगें प्रस्तुत की गईं। छात्राओं ने शिक्षा और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए कौशल विकास पाठ्यक्रमों को लागू करने, उच्च शिक्षा में छात्राओं की बढ़ती भागीदारी को देखते हुए छात्रावासों की संख्या में वृद्धि, ग्रामीण क्षेत्रों से शहरों में अध्ययन करने आने वाली छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति योजना का प्रावधान, पाठ्यक्रम में वीरांगनाओं, महिला वैज्ञानिकों, खिलाड़ियों और नेतृत्त्वशील




महिलाओं के योगदान को सम्मिलित करने, महिला शोधार्थियों के लिए विशेष योजना एवं अनुदान सुनिश्चित करने आदि महत्वपूर्ण विषयों पर बल दिया गया। इसके अलावा, सैनिटरी नैपकिन वेंडिंग मशीनों की अनिवार्य उपलब्धता, सार्वजनिक स्थानों पर पिंक टॉयलेट की स्थापना, निर्भया फंड की निगरानी एवं तहसील स्तर तक महिला हेल्थ डेस्क की स्थापना, साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रमों का संचालन, आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविरों की अनिवार्यता, फास्ट ट्रैक कोर्ट की प्रभावशीलता बढ़ाने और छात्रा नेतृत्व के मंचों को संस्थानों में स्थापित करने जैसे विषयों पर भी गहन चर्चा की गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि दिल्ली सरकार की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने कहा, ह्विद्यार्थी परिषद केवल एक छात्र संगठन नहीं, बल्कि यह नेतृत्व निर्माण की पाठशाला है। इस मंच ने मुझे दीप पकड़ाने से लेकर दीप जलाने तक की यात्रा करवाई है। प्रत्येक छात्रा को आगे बढ़ाने और नेतृत्व का पाठ पढ़ाने का कार्य एबीवीपी ने किया है और यही कारण है कि आने वाले समय में इस संगठन से केवल एक नहीं, बल्कि सैकड़ों रेखा गुप्ता तैयार होंगी। छात्रा संसद के माध्यम से एबीवीपी एक विचार रूपी वट वृक्ष तैयार कर रही है जिसकी छांव में राष्ट्र निर्माण की नींव रखी जाएगी। मैं यह गर्व से कह सकती हूं कि मैं एबीवीपीयन हूँ । अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा, ह्छात्रा संसद के समापन सत्र में छात्राओं द्वारा एक मांग पत्र तैयार किया गया, जिसे शीघ्र ही सरकार और संबंधित विभागों को सौंपा जाएगा। यह संसद केवल विमर्श का मंच नहीं, बल्कि छात्राओं की जमीनी समस्याओं का समाधान निकालने और नीति निर्माण में भागीदारी सुनिश्चित करने की एक ऐतिहासिक पहल है। 11 मार्च को पूर्वोत्तर छात्र संसद का आयोजन होगा, जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। साथ ही पूर्वोत्तर राज्यों से छात्र प्रतिनिधि शिक्षा, संस्कृति और क्षेत्रीय विकास जैसे विषयों पर मंथन करेंगे।

# श्रम संसाधन विभाग के मंत्री संतोष कुमार सिंह ने किया पालना घर का शुभारंभ

**पटना।** श्रम संसाधन विभाग, बिहार सरकार द्वारा महिला कर्मियों की सुविधा के लिए नियोजन भवन, पटना परिसर में नवनिर्मित पालना घर (क्रेच) का आज शुभारम्भ किया गया, जिसका विधिवत उद्घाटन विभाग के माननीय मंत्री संतोष कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि यह एक सराहनीय पहल है और इस पहल का उद्देश्य महिला कर्मियों को मातृत्व सहयोग प्रदान करना है, जिससे वे कार्यालय समय के दौरान अपने छोटे बच्चों की उचित देखभाल सुनिश्चित कर सकें।



संतोष कुमार सिंह ने कहा कि यह पहल विभाग में कार्यरत महिलाओं के लिए बड़ी राहत होगी । इससे उन्हें कार्यालय में रहते हुए अपने बच्चों की देखभाल की चिंता नहीं होगी। सरकार महिला सशक्तिकरण और उनके कार्यस्थल पर अनुकूल वातावरण बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि यह पालना घर सरकार की महिला हितैषी योजनाओं के तहत एक महत्वपूर्ण कदम है, जो कार्यरत महिलाओं को बेहतर कार्य-जीवन संतुलन प्रदान करेगा। वहीं, मंत्री के द्वारा इस अवसर पर उपस्थित बच्चों को बिस्किट, टॉफी एवं अन्य उपहार भी दिए गए। उक्त अवसर पर विशेष सचिव आलोक कुमार, श्रमायुक्त राजेश भारती सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। विशेष सचिव आलोक कुमार ने नियोजन भवन में नवनिर्मित पालना घर की सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पालना घर में 1 से 5 वर्ष तक के बच्चों के लिए सुरक्षित देखभाल सुविधा होगी। यह15 से 20 बच्चों की क्षमता वाला केंद्र है। एक क्रेच वर्कर एवं एक सहायक क्रेच वर्कर की नियुक्ति की गयी है, जो बच्चों के ख्याल रखेंगी। इसके अलावा बच्चों के लिए खेलने से लेकर फीडिंग तक की समुचित व्यवस्था यहाँ की गयी है। यह पालना घर आधुनिक सुविधाओं से युक्त (टेबल, खिलौने, फीडिंग रूम, स्टोर रूम एवं आरओ) है।

# बिहार तैलिक साहू सभा 30 वां होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया

**पटना।** बिहार तैलिक साहू सभा के साहू समाज भवन पटना में श्री होली मिलन धूमधाम से मनाया गयो इस कार्यक्रम में सैकड़ो पुरुष एवं महिलाओं ने शिरकत की रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ इस कार्यक्रम का उद्घाटन प्रदेश अध्यक्ष सह मोरवा विधायक रणविजय साहू ने किया` प्रदेश प्रवक्ता सह मिडिया प्रभारी राजेश कुमार ने कहा कि हमारे समाज को मजबूत करने का प्रयास साहू समाज एक झूट होकर निरंतर प्रयास किया जा रहा है और हमारा समाज मजबूत होगा और हमारा हमको राजनैतिक में ज्यादा से ज्यादा भागीदारी मिलेगो सभी आँगन्तुकों को कला एवं सस्कृति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष बिमल किशोर बिट्टू ने अंगवस्त्र भेटं कर स्वागत कियो मुख्य-अतिथिगण महापौर



श्रीमति सीता साहु उपस्थित जनसमूह में मुख्य रूप से महामंत्री सुरेश कुमार साहु, उपाध्यक्ष भीम कु. साहु, साहु भूपाल भारती, कोषाध्यक्ष रेखा गुप्ता, संयुक्त मंत्री मनोज कु. साहु, युवा अध्यक्ष विनय कुमार गुड्डु, महिला अध्यक्ष श्रीमति सिम्मी प्रसाद, विपुल कुमार, कुमार दिग्विजय सुनील, कुंदन कु. गुप्ता, निशांत कृष्णा, नीतिन कृष्णा, शीतल गुप्ता, प्रीति साहु, अर्जुन गुप्ता, सूरज कुमार, अनिल कु, डॉ. माधुरी गुप्ता, ई. सुन्दर साहू, डॉ. प्रेम कु. गुप्ता, राहुल कुमार साहु, राजेश कुमार, अमित कुमार, ज्ञान प्रसाद, डॉ. अरविन्द साहु अशोक साह ह्यअमनह्ल, जीतेन्द्र साहु, अमित कुमार, गौतम साह, उत्तम चन्द्र, सैकड़ो गणमान्य लोंग उपस्थित थे



पटना में होली मिलन समारोह में ढोल बजाते इंटर के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश सिंह एवं अन्य।

# बार बार चुनाव होने से छात्रों के भविष्य पर पड़ रहा असर : प्रो. रणबीर नंदन

**पटना।** एक राष्ट्र एक चुनाव चुनाव अभियान के राज्य संयोजक व पूर्व विधान पार्षद प्रो. रणबीर नंदन ने कहा कि देश में बार बार चुनाव होने से छात्रों के भविष्य पर असर पड़ता है। उनके रोजगार व देश के विकास के लिए जमा राशि बार -बार चुनाव में बर्बाद होती है। बार चुनाव होने से शिक्षकों को मतदाता सूची पुनरीक्षण व चुनाव कार्य में चले जाने से स्कूल व कॉलेजों में बच्चों की पढ़ाई बाधित होती है। प्रो. रणबीर नंदन सोमवार को राजधानी के टीपीएस कॉलेज में एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर आयोजित छात्र-शिक्षक-कमचारी परिचर्चा को संबोधित कर रहे थे। प्रो. नंदन ने कहा कि देश में बार-बार चुनाव होने से देश की जनता सफर कर रही है और आचार संहिता की वजह से विकास कार्य प्रभावित हो रहा है। प्रो. नंदन ने कहा कि आजादी के



बाद 1952 से लेकर 1967 तक लोकसभा चुनाव के साथ विधानसभा चुनाव हो रहे थे। मगर किसी खास पार्टी की वजह से देश में बार-बार चुनाव का नौबत आया। उन्होंने बताया कि 1998 के लोस चुनाव में 9 हजार करोड़, 1999 के लोकसभा चुनाव में 10 हजार करोड़, 2009 के लोस चुनाव मे 20 हजार करोड़, 2014 के लोस चुनाव में 30 हजार करोड़, 2019 के लोस चुनाव में 60 हजार करोड़ व 2024 के लोकसभा चुनाव में 1लाख 20 हजार करोड़ खर्च हुए। उन्होंने कहा कि अगर ये पैसा बचता है तो युवाओं के रोजगार व देश के विकास में खर्च होगा। इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे टीपीएस कॉलेज के प्राचार्य प्रो. उपेन्द्र प्रसाद सिंह ने केन्द्र सरकार से आग्रह किया कि वह सारी बाधाओं को दूर कर पूरे देश में जल्द से जल्द लोकसभा व विधानसभा चुनाव कराये। उन्होंने कहा कि यह परिचर्चा अपने आप में ऐसा कार्यक्रम है जहां उनके कॉलेज के छात्र-छात्राएं, शिक्षक व कर्मचारी एकजुट होकर चिंतन कर रहे हैं। इस परिचर्चा कार्यक्रम का संचालन छात्र नेता अंकित तिवारी, स्वागत शिवम परासर व धन्यवाद ज्ञापन मनीष कुमार ने किया। इस मौके कॉलेज के शिक्षक विजय कुमार सिन्हा, अबु बकर रिजवी, प्रो मनोज कुमार, प्रो व्यंकटेश कुमार, कर्मचारी संघ के दीपक कुमार, भाजपा नेता सुनील सेवक, मधु सिंह,अविनाश कुमार , सुनील कुमार, चंदन सिंह, रोहित सिंह, सुमन सिंह सहित बड़ी संख्या में शिक्षक छात्र व कर्मचारियों ने संबोधित किया।

## संक्षिप्त समाचार

### लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) का होली मिलन समारोह 12 को



**पटना।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) का होली मिलन समारोह कल 12 मार्च को पार्टी के 1 व्हीलर रोड स्थित प्रदेश कार्यालय में धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया जाएगा। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ0 राजेश भट्ट ने प्रेस को बताया कि रंग और उमंग का त्योहार होली के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान शामिल होंगे। इस अवसर पर पार्टी के सभी सांसद बिहार से जुड़े सभी राष्ट्रीय पदाधिकारी प्रदेश अध्यक्ष सभी प्रदेश उपाध्यक्ष सभी प्रकोष्ठों के प्रदेश अध्यक्ष प्रदेश महासचिव सचिव और सभी जिलों के जिला अध्यक्ष समेत पार्टी के हजारों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे ।

### इंटक का मजदूर होली मिलन समारोह संपन्न

**पटना।** राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक), के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह प्रदेश अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश सिंह के नेतृत्व में होटल मौर्या कर्मचारी संघ की ओर से दक्षिणी गांधी मैदान स्थित होटल मौर्या के प्रागंण में मजदूर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया ।समारोह में दूरदर्शन एवं भोजपुरी के विख्यात कलाकार शिवचरण प्रसाद एवं उनके साथियों द्वारा प्रस्तुत होली (फगुआ) गीत का मजदूरों ने आनन्द उठाया और उपस्थित सैकड़ों मजदूरों ने एक दूसरे को अबीर लगाते हुये बधाई दी। मजदूरों ने स्वादिष्ट व्यंजनों, पकवानों एवं ठंडई का भी लुफ्त उठाया। समारोह में ₹गोरिया करि के श्रृंगार, अंगना में पिसेली हरिदियार₹ पर मजदूरों ने जमकर ठुमके लगाये ।इस अवसर पर श्री सिंह ने उपस्थित मजदूरों को होली के अवसर पर संदेश देते हुये कहा कि देश में मजदूर जमायत एक ऐसा वर्ग है, जो देश में जात-पात एवं सम्प्रदाय आदि की भावना से उपर उठकर देश की तरक्की एवं खुशहाली के लिए काम करता है। होली अमीरी एवं गरीबी के फर्क को मिटाता है। परन्तु यह टिकाऊ तभी हो सकता है जब श्रम एवं पूँजी को समाज में बराबरी का दर्जा मिले ।समारोह में मुख्य रूप से श्रीनंदन मंडल, अखिलेश पाण्डेय, टी. के. सिंह, दिनेश पाण्डेय (मौर्या). दशरथ राय, प्रभात कुमार सिन्हा, धमेन्द्र कुमार, पवन कुमार उपस्थित थे।

### बालूघाटो के विरुद्ध विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया

**जमुई, नवशक्ति (प्रभाकर कुमार)।** जिलांतर्गत संचालित बालूघाटो के विरुद्ध प्राप्त परिवाद और शिकायत के आलोक में विभागीय मानक के विरुद्ध अवैध खनन और परिवहन में संप्लिप्त बालूघाट की जांच और रोकथाम हेतु जिला पदाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा के द्वारा 04 टीम गठित कर विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया ।छापेमारी दल का नेतृत्व अनुमंडल पदाधिकारी ,भूमि सुधार अप समाहर्ता ,खनन पदाधिकारी और जिला पंचायती राज पदाधिकारी द्वारा किया गया ,जिसमे लगभग 1 करोड़ 1 लाख रुपया का जुमार्ना अधिरोपित किया गया ।जुमार्ना अधिरोपित किए जाने वाला बालूघाट में मुख्य रूप से किउल नदी के 12 बालूघाट , बरनार नदी के 06 बालू घाट , उलाई नदी के 06 बालूघाट शामिल है। विदित हो कि जिला अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में अवैध खनन , परिवहन और भंडारण के विरुद्ध अब तक कुल -1282 छापेमारी करते हुए 367 प्राथमिकी , 58 गिरफ्तारी और 471 वाहनों को जब्त करते हुए 3 करोड़ 18 लाख रुपये की जुमार्ना वसूली गई है ।

# विधानसभा को घेरने निकले छात्र युवा मोर्चा ने जेपी गोलंबर पर बैरिकेड तोड़ा

- डाक बंगला चौराहे पर भी तीखी झड़प मुख्यमंत्री
- सचिवालय के पदाधिकारी से प्रतिनिधिमंडल को मिलाया
- लाठी चार्ज तथा गिरफ्तारी की निंदा

**पटना।** एसएफआई, एआईएसएफ, एनएसयुआई , सोशल जस्टिस आर्मी, डीवाईएफआई, सीवाईएसएस, एआईवाईएफ, इंडियन यूथ कांग्रेस, आप यूथ विंग के बैनर तले आज विधानसभा को घेराव करने निकले छात्र युवा नेताओं की जेपी गोलंबर पर भारी संख्या में तैनात पुलिस से तीखी झड़प हुई अन्ततः छात्र- युवा नेताओं ने जेपी गोलंबर पर लगे पुलिस के बैरिकेड तोड़ दिए और धक्का-मुक्की करते आगे बढ़ गए। लाठी चार्ज के बाद तीन छात्र नेता सुधीर कुमार, अविनाश कुमार, सबीना कुमारी को गिरफ्तार किया गया। कुछ छात्र घायल हुए।

इससे पूर्व गांधी मैदान के समीप स्थित शहीद भगत सिंह प्रतिमा, गांधी मैदान के समीप सभा की गई । सभा की अध्यक्षता युथ कॉंग्रेस के सुशील कुमार, डीवाईएफआई के राज्य अध्यक्ष मनोज कुमार चंद्रवंशी, सोशल जस्टिस आर्मी के गौतम आनंद, एआईवाईएफ के शम्भू देवा ने की ।सभा को एसएफआई के राष्ट्रीय संयुक्त सचिव सृजन भट्टाचार्य, एआईएसएफ राष्ट्रीय सचिव अमीन हमजा, सुधीर कुमार, एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष सूरज सिंह यादव, एसएफआई की राज्य अध्यक्ष कांति कुमारी, सचिव देवदत्त वर्मा सोशल जस्टिस आर्मी के गौतम आनंद, एआईवाईएफ के राष्ट्रीय सचिव रौशन सिन्हा, डीवाईएफआई के राज्य सचिव रजनीश सिन्हा, महेश कुमार, उमेश शर्मा, इंडियन यूथ कांग्रेस के प्रवक्ता संस्कार राय, सीवाईएसएस के अध्यक्ष शुभम कुमार आप यूथ विंग के हिमांशु पटेल ने सभा को संबोधित किया ।मौके पर इस दौरान जन्मे जय कुमार, अविनाश कुमार,राकेश कुमार, विश्वजीत, अनिल रजक, आमिर कुमार सहित सैकड़ों छात्र-युवा नेता मौजूद थे।

निम्न मांगे -शिक्षक कर्मियो समेत सभी रिक्त पदों पर बहाली, पेपर लिक पर रोक, छात्र संघ का चुनाव, सभी को रोजगार या 10 हजार रूपया बेरोजगारी भत्ता दो, पी एच डी नामांकन में पारदर्शिता एवं नॉन नेट फेलोशिप शुरू करने, सभी छात्राओं एवं एस सी के छात्रों को निशुल्क नामांकन, ठेका बहाली पर रोक लगाने, युवा आयोग का गठन करने, शुल्क वृद्धि पर रोक लगाने सहित अन्य मांगो को लेकर प्रदर्शन किया गया !आठ सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल सुशील कुमार, मनोज कुमार चंद्रवंशी, सूरज यादव, गौतम आनंद, देवदत्त वर्मा, आमीन हमजा, शम्भू देवा, भाग्य भारती ने मुख्यमंत्री के सचिवालय के पदाधिकारी से मिलकर स्मार पत्र सौंपा ।

उक्त नेताओं ने छात्र नेताओं की गिरफ्तारी और लाठी चार्ज की निंदा की ।

# राजपा ने सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि मनायी



**पटना।** राष्ट्रीय जनसंभावना पार्टी के तत्वावधान में राष्ट्रीय कार्यालय पटना में सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र साहनी ने उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जन्म 3 जनवरी 1831 को महाराष्ट्र के सतारा जिले में एक गरीब माली परिवार में हुआ था। इनका विवाह 1841 में महात्मा ज्योतिबा राव फूले से हुआ था। वे भारत के पहले बालिका विद्यालय की पहली प्रिंसिपल थी। उन्होंने महिलाओं की स्थिति में सुधार लाने में अहम भूमिका निभाई और भारत में महिला शिक्षा की अगुआ बनी। इस मौके पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सोनू कुमार सिंह ने कहा कि विधवा विवाह करवाना, छुआछूत मिटाना, महिलाओं की मुक्ति और महिलाओं की शिक्षित बनाना इनका मुख्य देश था।

और उनकी मृत्यु आज ही के दिन 10 मार्च 1897 ई को हो गई। इस मौके पर मानिकचंद सहनी, सचिन साहनी, मंजर जाटव, बिंदु साहनी, बिट्टू कुमार यादव, श्रवण पासवान इत्यादि लोग उपस्थित थे।

# विकसित भारत युवा संसद को लेकर जागरूकता चलाया गया

**पटना।** बिहार- युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2025 के शुभारंभ की घोषणा की गयी है। यह पहल विकसित भारत @ 2047 विजन के अनुरूप है, जिसे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने प्रस्तुत किया था, जिसका उद्देश्य देश के युवाओं को नीति- निर्माण और नेतृत्व की ओर प्रेरित करना है। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित किए जाने विकसित भारत युवा संसद महोत्सव 2025 के तहत भारत के चयनित 301 नोडल जिला में पटना जिला भी नोडल जिला के रूप में चयन किया गया है। बिहार में 14 नोडल जिला चयनित हैं जिसमें पटना नोडल जिला में जिला पटना के साथ सम्बद्ध जिला नालंदा एवं अरवल हैं, जहां के युवाओं की भागीदारी होगी। यह आयोजन युवाओं को राष्ट्रीय मुद्दों पर अपने विचार रखने, नीति निमार्ताओं के साथ संवाद करने और देश के विकास में योगदान देने का एक अनूठा मंच प्रदान करेगा। यह कार्यक्रम तीन चरणों (जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर) में आयोजित किया जाएगा। चयनित प्रतिभागियों को नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में संसद भवन में भाग लेने का अवसर मिलेगा, जहां वे नीति निमार्ताओं और राष्ट्रीय नेताओं के साथ संवाद कर सकेंगे।

महत्वपूर्ण तिथियाँः

27 फरवरी से 9 मार्च 2025ः माई भारत पोर्टल (ुँ१ं३.ङ्म५.ल्ल) पर पंजीकरण कर 1 मिनट का विडियो अपलोड करना।

10 मार्च से 17 मार्च 2025ः जिला स्तरीय कार्यक्रम

17 मार्च से 24 मार्च 2025ः



राज्य स्तरीय कार्यक्रम

28 मार्च से 30 मार्च 2025ः राष्ट्रीय स्तर का आयोजन (नई दिल्ली) कार्यक्रम की मुख्य विशेषताएँः पंजीकरण तिथिः 27 फरवरी से 16 मार्च 2025 आयु सीमाः 18 से 25 वर्ष (24 फरवरी 2025 को)

पंजीकरण प्रक्रियाः कैसे करें आवेदन? इच्छुक युवा माई भारत पोर्टल पर आवेदन करें। पंजीकरण के लिए आपके लिए विकसित भारत का क्या अर्थ है? जिला स्तरीय कार्यक्रमः अपलोड की गयी विडियो की स्क्रीनिंग के पश्चात चयनित अधिकतम 150 युवाओं को पटना में मौलाना मजहरुल हक अरबी व फारसी विश्वविद्यालय में आयोजित विकसित भारत युवा संसद में प्रतिभागियों को वन नेशन वन इलेक्शनः विकसित भारत के मार्ग की ओर/ "One Nation One Election: Paving the way for Viksit Bharat" विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिए आयोजक विश्वविद्यालय के नोडल पदाधिकारी डॉ निखिल आनंद गिरी से 9717600960 पर संपर्क किया जा सकता है।

प्रतिभागी चयन प्रक्रियाः

- प्रतिभागियों को माई भारत पोर्टल पर पंजीकरण करना होगा और 1 मिनट का विडियो अपलोड करना होगा।
- विडियो स्क्रीनिंग के बाद चयनित प्रतिभागियों चयनित प्रतिभागियों को जिला स्तरीय कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर मिलेगा।
- जिला स्तर पर शीर्ष 10 प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय कार्यक्रम के लिया चुना जाएगा।

राज्य स्तरीय कार्यक्रम के लिए चयनित प्रतिभागियों को विधान सभा में विचार व्यक्त करने का अवसर प्राप्त होगा ।यह कार्यक्रम युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का अवसर प्रदान करेगा। मौके पर मगध महिला कॉलेज के प्रो सुहेली मेहता , राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो ज्योति ,प्रो सुजाता, विमेंस ट्रेनिग कॉलेज के प्रो आरती , प्रेम यूथ फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी, डॉ दयानंद प्रसाद , विद्यानंद,रवि प्रकाश मौजूद रहे ।


# अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग की अध्यक्षता में बिहार दिवस समारोह के आयोजन हेतु बैठक हुई

**पटना।** अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार सरकार डॉ॰ एस. सिद्धार्थ ने कहा है कि बिहार दिवस समारोह, 2025 धूम-धाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर विविध तरह के कार्यक्रम होंगे। उन्होंने सभी निवासियों से इन कार्यक्रमों में पूरे उत्साह से भाग लेने का आह्वान किया है। वे आज पटना समाहरणालय स्थित सभागार में इस विषय पर आयोजित एक बैठक में पदाधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि इस वर्ष बिहार सरकार द्वारा बिहार दिवस को काफी व्यापक एवं भव्य रूप से मनाने के लिए शिक्षा विभाग द्वारा कार्य योजना बनाया गया है। सभी जिलों में विविध तरह के कार्यक्रम हो रहे हैं। बैठक के प्रारंभ में जिलाधिकारी, पटना डॉ. चन्द्रशेखर सिंह द्वारा अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग का स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि अपर मुख्य सचिव के मार्ग-दर्शन से हमसब में एक नई ऊर्जा का संचार होता है। जिलाधिकारी ने आयुक्त, पटना प्रमंडल, पटना श्री मयंक वर-वड़े का स्वागत करते हुए कहा कि प्रमंडलीय आयुक्त के दिशा-निदेश के अनुसार जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारी की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार के निदेशों के अनुरूप पटना जिला में बिहार दिवस समारोह का भव्य एवं आकर्षक ढंग से आयोजन होगा। सभी पदाधिकारी इसके लिए सजग, तत्पर एवं प्रतिबद्ध हैं। उप विकास आयुक्त, पटना को वरीय नोडल पदाधिकारी नामित करते हुए जिला प्रशासन, पटना द्वारा 08 कोषांगों का गठन किया गया है। इन सभी कोषांगों में नोडल पदाधिकारियों तथा सहायक नोडल पदाधिकारियों को प्रतिनियुक्त किया गया है। साथ ही उनके दायित्वों का भी निर्धारण किया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि अधिकारीगण अंतकोर्षांगीय एवं अंतर्विभागीय समन्वय स्थापित कर समारोह का सफल आयोजन सुनिश्चित करेंगे। आज की इस बैठक में बिहार दिवस समारोह, 2025 के लिए गाँधी मैदान का ले आउट प्लान, यातायात प्रबंधन, विधि-व्यवस्था संधारण एवं अन्य बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की गई एवं आवश्यक निदेश दिया गया। विदित हो कि इस वर्ष बिहार दिवस का थीम ह्यह्यउन्नत बिहार-विकसित बिहारह्लह्ल निर्धारित किया गया है। समारोह त्रि-दिवसीय (22-24 मार्च, 2025) होगा। विभिन्न विभागों के प्रदर्शनी के लिए बिहार दिवस को 26 मार्च तक विस्तारित किया गया है। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि थीम के अनुसार ही उन्नत बिहार-विकसित बिहार पर आधारित सरकार की विकासात्मक एवं लोक-कल्याणकारी योजनाओं पर अनेक कार्यक्रम होंगे। स्थानीय गाँधी मैदान, श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल एवं रवीन्द्र भवन में कार्यक्रमों का




आयोजन होगा। बेहतरीन लेजर शो होंगे। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। नामी-गिरामी कलाकारों द्वारा प्रस्तुति की जाएगी। व्यंजन मेला का भी आयोजन होगा। इसमें बिहारी व्यंजन के स्टॉल होंगे। विभिन्न विभागों का पैवेलियन एवं स्टॉल लगेगा। बिहार दिवस के कार्यक्रमों का सीधा प्रसारण (वेबकास्टिंग) किया जाएगा। अपर मुख्य सचिव द्वारा नगर आयुक्त को आयोजन स्थलों की वृहत साफ-सफाई सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। गाँधी मैदान को विभिन्न जोन में बांटकर कर्मियों की प्रतिनियुक्ति करने तथा समुचित सफाई सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग को मानकों के अनुसार बैरिकेडिंग करने तथा गाँधी मैदान का समतलीकरण करने का निदेश दिया गया। पुलिस अधीक्षक, यातायात सुचारू यातायात प्रबंधन सुनिश्चित करेंगे। सिविल सर्जन, पटना को जीवन रक्षक दवाओं एवं एम्बुलेंस सहित मेडिकल टीम प्रतिनियुक्त करने का निदेश दिया गया है। महाप्रबंधक, पेसू निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करेंगे। जिला शिक्षा पदाधिकारी, पटना आवश्यकतानुसार अस्थायी विद्युत कनेक्शन लेंगे। कार्यपालक अभियंता, पीएचईडी शौचालय एवं शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करेंगे। जिला अग्निशाम पदाधिकारी अग्निशमन की सुदृढ़ व्यवस्था रखेंगे। जिला नयाचार पदाधिकारी प्रोटोकॉल के अनुसार आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। जिला नियंत्रण कक्ष द्वारा दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। जिलाधिकारी ने अपर मुख्य सचिव के संज्ञान में लाया कि बिहार दिवस समारोह के आयोजन हेतु मानक प्रक्रिया के अनुसार जिला प्रशासन द्वारा सभी व्यवस्था की जा रही है। दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। नियंत्रण कक्ष एवं अस्थायी थाना कार्यरत रहेगा। हेल्प डेस्क की स्थापना की जाएगी। सीसीटीवी से भीड़ पर निगरानी रखी जाएगी। आवश्यक संसाधनों सहित एम्बुलेंस एवं मेडिकल टीम की व्यवस्था रहेगी। नगर निगम द्वारा साफ-सफाई, फॉगिंग एवं स्प्रेयर की व्यवस्था की जाएगी। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा पर्याप्त संख्या में वाटर एटीएम तथा वाटर टैंकर का प्रबंध किया जाएगा। शौचालयों की व्यवस्था रहेगी। फायर ब्रिगेड तथा अग्निशमन दस्ता तैनात रहेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि बिहार दिवस समारोह, 2025 के अवसर पर उत्कृष्ट यातायात प्रबंधन, सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था तथा अचूक विधि-व्यवस्था संधारण के लिए जिला प्रशासन द्वारा मानकों के अनुसार समय से सभी तैयारी की जाएगी। प्रमंडलीय आयुक्त ने कहा कि समारोह का सफल आयोजन जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी पदाधिकारी इसके लिए सजग, तत्पर एवं प्रतिबद्ध हैं।अपर मुख्य सचिव ने विद्यार्थियों, शिक्षकों, प्राध्यापकों, कलाकारों, चिकित्सकों सहित सभी क्षेत्रों के लोगों से बिहार दिवस के कार्यक्रमों में अधिकतम जन-सहभागिता सुनिश्चित करने का आहवान किया। इस बैठक में जिलाधिकारी, पटना डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना श्री अवकाश कुमार, नगर आयुक्त, पटना नगर निगम श्री अनिमेष कुमार पराशर, पुलिस अधीक्षक यातायात, सिविल सर्जन, अपर जिला दंडाधिकारी, विधि-व्यवस्था, अपर नगर आयुक्त सहित अन्य भी उपस्थित थे।

## नालंदा के सभी पंचायत को मिले 25-25 हथिया चापाकल- सांसद कौशलेंद्र



**पटना।** बिहार के नालंदा जिला में पीने के पानी का भारी संकट उत्पन्न हो गया है। भूजलस्तर नीचे जाने के कारण पानी का संकट चरम पर पहुंच चुका है। बिहार राज्य के दक्षिणी भूभाग के सभी जिलों, खासकर मेरे संसदीय क्षेत्र, नालंदा में पीने के पानी की समस्या गहराता जा रहा है। राज्य के दक्षिणी भूभाग की सभी नदियाँ इस समय सूख जाती हैं। राज्य के अन्य जलश्रोतों, जलाशयों और नहरों से पानी गायब हो रहा है। परिणामस्वरूप भूजलस्तर नीचे चला गया है। हैण्डपम्पों से भी पानी नहीं निकलता है। अतः मेरा आग्रह होगा कि नालंदा जिला में एक केन्द्रीय टीम (केन्द्रीय भूजल बोर्ड-सीजीडब्ल्यूबी) को भेजा जाये जो कि पीने के पानी की समस्या का आंकलन व निराकरण करे और उसी आधार पर जिले के सभी पंचायतों में कम से कम 25-25 हथिया चालाकल (डीप बोरिंग) अविलम्ब दिया जाये।

## एस.एन. नाइस किड्स प्ले एंड प्रीप्रेटरी स्कूल ने मनाया होली मिलन कार्यक्रम




**पटना, ( संवाददाता)।** एस.एन. नाइस किड्स प्ले एंड प्रीप्रेटरी स्कूल ने रोटी रेस्टोरेंट में मनाया ?होली मिलन कार्यक्रम। कार्यक्रम में प्रधानाचार्या रेखा सिन्हा ने कहा होली हमलोगो का पर्व है। हमको होली का इंतजार करते है। रशमी ने होली रंगो का त्योहार है। जहां रंगो का त्योहार है वहां मस्ती है। जो न बुलाए वहां भी पहुंच जाना है। डा.सुप्रिया सिंह ने कहा कि बहुत खुशी है कि वह हर फेस्टिवल में बहुत ही एक सेलिब्रेशन की तरह मनाती है। होली एक सिंबॉलिक पर्व है जिस तरीके से हम लोग होलीका दहन करते हम अपने अंदर की सारी जो भी गंदगी है जो भी मन में द्वेष जलन वह संबको जला देना है और हमें हम सभी को खुशियों के रंग से अपने आप को सराबोर कर देना है। प्रीती कुमार ने कहा कि होली काफी खुशियो का त्योहार है। ?आगे उन्होंने कहा कि सिकवा गिला मिटाकर एक दुसरे से प्यार करना चाहिए। उपप्रधानाचार्य रचना पांडे ने कहा कि होली का त्योहार हमारे बिहार में उत्सव में मनाया जाता है। इस अवसर सभी शिक्षिकाएं उपस्थित थीं। स्कूल के सारे बच्चे अपने पेरेंट्स के साथ होली के कार्यक्रम में आनंद उठाया और एक दूसरे के गाल में गुलाल लगाकर होली का शुभकामनाएं दीं।

## गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड की बड़ी उपलब्धि: अपने पहले इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग प्लांट का किया शुभारंभ

**पटना।** उभरते बाजारों की एक प्रमुख एफएमसीजी कंपनी गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (जीसीपीएल) ने तमिलनाडु में चेन्नई के पास चेंगलपट्टू जिले में अपना पहला इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग प्लांट शुरू किया है। इस प्लांट का उद्घाटन तमिलनाडु के मुख्यमंत्री थिरु एम.के. स्टालिन, नादिर गोदरेज, चेयरपरसन, गोदरेज इंडस्ट्रीज ग्रुप और जीसीपीएल के सीईओ सुधीर सीतापति ने किया। मुख्यमंत्री श्री एम.के. स्टालिन ने उत्पादन लाइन को शुरू करके प्लांट का संचालन किया, जिसके बाद पहले उत्पादन के रूप में सिंथॉल ओरिजनल साबुन बार का निर्माण हुआ। यह प्लांट की शुरूआत के लिए एक अहम क्षण था।

प्लांट के उद्घाटन पर नादिर गोदरेज, चेयरपरसन, गोदरेज इंडस्ट्रीज ग्रुप ने कहा, 'चेंगलपट्टू प्लांट हमारी कंपनी की नए और टिकाऊ व समावेशी तरीकों से काम करने की सोच को दर्शाता है। यह प्लांट उपभोक्ताओं को बेहतर उत्पाद देने के मिशन के साथ-साथ हमारे कर्मचारियों की भलाई और विविधता पर भी जोर देता है। कर्मचारियों में 50% महिलाएं और 5% कर्मचारी दिव्यांगजनों (पीडब्ल्यूडी) और एलजीबीटीक्यू+ समुदाय से हैं। हमें गर्व है कि हम सभी के लिए समान और सम्मानजनक माहौल बना रहे हैं। गोदरेज में, हम मानते हैं कि उद्योग का भविष्य लोगों को मजबूत बनाने और पर्यावरण की रक्षा करने में है, जिससे सबका



विकास हो सके।'

इस प्लांट ने विभिन्न कार्यों में 1000 से ज्यादा सीधे और अप्रत्यक्ष रूप से महत्वपूर्ण रोजगार के अवसर पैदा किए हैं, जिससे स्थानीय समुदाय और व्यापार दोनों पर अच्छा प्रभाव पड़ा है।

एलजीबीटीक्यू+ समुदाय और दिव्यांगजनों से जुड़े सभी लोगों को मशीन ऑपरेटर जैसी महत्वपूर्ण शॉप-फ्लोर भूमिकाओं के साथ-साथ क्वॉलिटी और इंजीनियरिंग विभागों में भी काम दिया जाएगा। इससे यह सुनिश्चित होगा कि वे मुख्य कार्यों में शामिल हो सकें और प्लांट के संचालन में योगदान कर सकें। इस सुविधा का डिजाइन हमारे भविष्य के दृष्टिकोण को दिखाता है, जिसमें जेंडर न्यूट्रल टॉयलेट और दिव्यांगजनों के लिए उपयुक्त बुनियादी ढांचा शामिल है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि हर कर्मचारी समान अवसरों वाले माहौल में अपना काम अच्छी तरह से कर सके।

जीसीपीएल के सस्टेनेबिलिटी गोल्स के अनुसार इस सुविधा को पर्यावरण की रक्षा को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है और यह इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल (आईजीबीसी) के स्टैंडर्ड का पालन करती है।

## क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान को मिली बिहार में प्रथम मान्यता



**बृजेश गोस्वामी**

**पटना।** क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान को राष्ट्रीय स्वास्थ्य देखभाल और अस्पताल प्रदाताओं के लिए मान्यता बोर्ड की प्रतिष्ठित मान्यता प्राप्त हो गई है। इस उपलब्धि के बाद संस्थान सम्पूर्ण बिहार में NABH व NABL दोनों मान्यताएँ प्राप्त करने वाला पहला आयुष संस्थान बन गया है। यह मील का पत्थर संस्थान की स्वास्थ्य देखभाल, रोगी सुरक्षा और गुणवत्ता आश्वासन में उत्कृष्टता के प्रति अडिग प्रतिबद्धता को दशार्ता है।उपस्थित वक्ताओं ने वताया कि यह उपलब्धि संस्थान के हर सदस्य की कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है, जिन्होंने राष्ट्रीय स्वास्थ्य देखभाल मानकों को पूरा करने और उनसे ऊपर उठने के लिए अथक प्रयास किया। इस सफलता के पीछे महानिदेशक, डॉ. एन. जहीर अहमद नेतृत्व में संस्थान ने अपनी दिशा और उद्देश्य को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया। उपनिदेशक डॉ. मुमताज अहमद, डॉ. राजेश, अनुसंधान अधिकारी व ठअइल कोऑर्डनैटर ,. ज़िकरा तहसीन, अनुसंधान अधिकारी (यूनानी), और डॉ. चंद्रमणि यादव, अन्वेषक डॉ मंजर आलम, डॉ जरयाब जकी, डॉ मंगल सिंह, डॉ मीर इदरीस, डॉ उसामा, नीता कुमारी, रश्मि रेखा कुमारी, सुहैल अख्तर, नदीम अख्तर, परवेज अख्तर, एजाज आलम, खलिक नवाज ने मानक को पूरा करने में योगदान दिया।

## होली एवं रमजान को लेकर जामा एवं जरमुंडी थाना में शांति समिति की बैठक

**बासुकीनाथ/ निज संवाददाता।** रंगों का त्योहार होली को लेकर जामा थाना में शांति समिति की बैठक बुलाई गई। बैठक का संचालन अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कच्छप सीओ अशोक बड़ाइक एवं थाना प्रभारी अजीत कुमार ने किया। इस दौरान निर्देश दिया गया कि होली एवं रमजान के अवसर पर विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस के साथ समाज के सभी वर्गों की जिम्मेदारी अनिवार्य है। थाना क्षेत्र में हर हाल में सांप्रदायिक एवं सामाजिक सौहार्द बना रहे इसके लिए जमा पुलिस कृत संकल्प है। सांप्रदायिक उन्माद फैलाने वालों को किसी भी कीमत पर बक्सा नहीं जाएगा। उधर जरमुंडी थाना में भी शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता इंस्पेक्टर सह थाना



प्रभारी श्यामनन्द मंडल ने किया। बैठक में थाना क्षेत्र में शांति एवं सद्भाव पूर्ण तरीके से होली मनाये पर चर्चा की गई। जिससे समाज में सभी समुदायों एवं संप्रदायों के बीच आपसी प्रेम एवं भाईचारा बना रहे। सामाजिक एवं सांप्रदायिक शांति बनाए रखना आम लोगों की भी जिम्मेदारी होगी। शांति एवं कानूनी व्यवस्था भंग करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ पुलिस की पैनी नजर रहेगी। होली में हुड़दंग मचाने वाले शराबी एवं डीजे पर अश्लील गाना बजाने वालों की खैर नहीं होगी। सोशल मीडिया पुलिस के रडार पर होगी। जातिगत सांप्रदायिक एवं धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले नपे जाएंगे। होली के रंग बदरंग न हो उसके लिए भड़काऊ टिप्पणी और वीडियो पोस्ट करने से बचने की सलाह दी गई। जिससे रंगोत्सव का पर्व हर्षोल्लास पूर्वक संपन्न हो सके। मौके पर पुलिस अवर निरीक्षक सुशील कुमार सिंह सब इंस्पेक्टर सुखराम उरांव सब इंस्पेक्टर जेम्स मुंडा सहायक पुलिस निरीक्षक गिरधारी महतो पीके सिंह कुंदन झा पिंकू पंडा निरंजन मंडल पूरी यादव पांचू दास संजीव यादव सहित दर्जनों समाज के गणमान्य लोग मौजूद थे।

## जोगीरा सा..रा..रा..रा होली गीतों पर कांग्रेस नेताओं ने लगाए ठुमके



**पटना सिटी।** जोगीरा सा... रा.... रा... रा, होली खेले रघुवीरा अवध में जैसे होली गीतों पर ठुमके लगाते दिखें कांग्रेस नेता. पटना साहिब कांग्रेसियों के बीच हर्षोल्लास के साथ होली चैता गायन के साथ रंग-अबीर गुलाल लगाकर धूम धाम से मनाया. पटना साहिब के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी प्रवीण कुशवाहा ने जैसे ही ढ़ोल पर थाप दी कार्यकर्त्ता झूमने लगे.

वहीं उन्होंने कहा कि होली रंगों की, होली शांति का प्रतीक, सभी आपसी भाई चारे के साथ मिलकर इसे मनाए. वहीं कार्यक्रम में सभी गठबंधन के साथी उपस्थित हुए. इस कार्यक्रम का स्वागत प्रखंड अध्यक्ष अभय जायसवाल एवं डॉक्टर विनोद कुमार अवस्थी ने किया. कार्यक्रम कांग्रेस कार्यालय मोर्चा रोड गुरु गोविंद सिंह मैरिज हॉल में किया गया.

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित सरदार जगजीत सिंह, सरदार चंद्रपाल सिंह, हरेंद्र प्रताप सिंह, प्रदीप यादव, सुधीर कुमार, राजद नेता मुन्ना जायसवाल, आलमगंज खाजेकलां प्रखंड अध्यक्ष शमीम अख्तर, प्रेम कुमार, विनय सिंह, पप्पू गुप्ता, रोहन गुप्ता, आर्यन अंशु, रामेश्वर पासवान, सुभाष मेहता, सुबोध मिश्रा, पंडित राजेश शुक्ला टिल्लू एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे.

# मेंस सीनियर वनडे ट्रॉफी: आज खेले गए मुकाबलों में कहीं बल्लेबाजों ने दिखाया दम तो कहीं गेन्दबाजों ने चलाया जादू

**पटना।** बिहार क्रिकेट एसोसिएशन (इउअ) द्वारा आयोजित मेंस सीनियर वनडे ट्रॉफी टूनामेंट में आज कई रोमांचक मुकाबले खेले गए। इस दिन खेले गए मैचों में बांका, खगड़िया, औरंगाबाद, कटिहार, मधुबनी और सिवान ने जीत दर्ज की।

1. मुजफ्फरपुर बनाम मधुबनी ( जानकी स्टेडियम, सीतामढ़ी ) मैच में मधुबनी ने 3 विकेट से जीत दर्ज की।

मुजफ्फरपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में 8 विकेट पर 316 रन बनाया। बल्लेबाजी में कुणाल कौशल किशोर ने शतकीय पारी खेली। कुणाल ने 135 गेंद में 13 चौका और पांच छक्का लगाकर 119 रन बनाया, शिवम संजीव कुमार ने 101 गेंद में 13 चौका लगाकर 95 रन और भारत बसंत कुमार ने 30 गेंद में छह चौका दो चक्का 51 रन बनाया। वहीं गेन्दबाजी में कप्तान विशाल कृष्णा राज 10 ओवर 72 रन 3 विकेट तथा ठाकुर सुनील देवाशीष को 2 विकेट और नमन सिंह पाराशर को 1 विकेट मिला।

मधुबनी ने 49.1 ओवर में 7 विकेट पर 317 रन बनाया। बल्लेबाजी में विजय कुमार मंडल ने शानदार शतक बनाया। विजय ने 147 गेंद में 15 चौका 1 छक्का लगा कर 123 रन बनाया, उत्कर्ष पवन भास्कर ने 72 गेंद 7 चौका 3 छक्का 75 रन बनाया। वहीं गेन्दबाजी में विकास कुमार झा ने 10 ओवर 69 रन 5 विकेट तथा कप्तान आयुष ओंकार आनंद ने 3 ओवर 30 रन 2 विकेट और आदित्य अरुण राज को 1 विकेट मिले।2. किशनगंज बनाम कटिहार (विद्या विहार क्रिकेट ग्राउंड, पूर्णिया ) मैच में कटिहार ने 5 विकेट से जीत दर्ज की। किशनगंज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 42.1 ओवर में 10 विकेट पर 159 रन बनाया। बल्लेबाजी में कप्तान एम. डी. तबरेज आलम ने 29 गेंद में 6 छक्का लगा कर 44 रन, मनी शंकर भट्ट नाबाद 39 गेंद 3 चौका 27 रन और प्रशांत कुमार यादव ने 49 गेंद 2 चौका 22 रन बनाया। वहीं गेन्दबाजी में ईनाम जमील 7 ओवर 1 मेडन 55 रन 3 विकेट तथा मनी शंकर और आमिर निजामुद्दीन को 1-1 विकेट मिले।कटिहार ने 27 ओवर में 5 विकेट पर 160 रन बनाया। बल्लेबाजी में खालिद आलम 39 गेंद 8 चौके 43 रन और अभिषेक कुमार 26 गेंद 4 चौका 21 रन मयंक रामनानी नाबाद 40 गेंद 1 चौका 19 रन बनाया। वहीं गेन्दबाजी में खालिद आलम 10 ओवर 48 रन 3 विकेट, पीटर मरदी और अमन खान को 2-2 विकेट तथा अजमत को 1 विकेट मिले। 3. लखीसराय बनाम बांका ( संदिश कंपाउंड, भागलपुर) मैच में बांका ने 10 विकेट से जीत दर्ज की।लखीसराय ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 27 ओवर में 10 विकेट पर 103 रन बनाया। बल्लेबाजी में श्रीनिवास कुमार नाबाद 43 गेंद 3 चौका 27 रन, रवि विनोद सिंह 27 गेंद 3 चौका 25 रन और कप्तान रवि राज कुमार 33 गेंद 2 चौका 12 रन बनाया। वहीं गेन्दबाजी में किसी भी गेंदबाज को विकेट नहीं मिले।बांका ने 10.1 ओवर में 105 रन बनाया।बल्लेबाजी में विनीत चौधरी ने नाबाद अर्द्ध शताकीय पारी खेली। विनीत ने 34 गेंद में 7 चौका 3 छक्का लगाकर 51 रन बनाया और पुनीत यादव ने नाबाद 27 गेंद में 4 चौका 3 छक्का लगाकर 43 रन बनाया। वहीं गेन्दबाजी में एम. डी. राशिद राजा 8 ओवर 1 मेडन 3 विकेट और कप्तान हिमांशु सुदामा सिंह 5 ओवर 15 रन 3 विकेट तथा नवनीत सारस्वत को 2 विकेट, विकास सिंह और राघवेंद्र प्रताप सिंह को 1-1 विकेट मिले।4. भोजपुर बनाम औरंगाबाद ( महाराजा कॉलेज, आरा ) मैच में औरंगाबाद ने 6 विकेट से जीत दर्ज की।भोजपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 9 विकेट पर 262 रन बनाया। बल्लेबाजी में अनिकेत बशिष्ट सिंह 50 गेंद 7 चौका 2 छक्का 62 रन हृदया नन्द सिंह 43 गेंद 5 चौका 1 छक्का 44 रन और शिवम सुजीत सिंह 50 गेंद 2 चौका 29 रन बनाया। वहीं गेन्दबाजी में राहुल रामा, अनिकेत बशिष्ट, परमजीत सिंह और समरेश कुमार को 1-1 विकेट मिले।औरंगाबाद ने 38.5 ओवर में 4 विकेट पर 265 रन बनाया। बल्लेबाजी में कप्तान हर्ष राज पुरु ने 97 गेंद 10 चौका 82 रन बिपिन कुमार सौरभ ने 28 गेंद 6 चौका 3 छक्का 57 रन और आयुष संजय राज ने नाबाद 34 गेंद में 5 चौका 2 छक्का 50 रन बनाया। वहीं गेन्दबाजी में सुनील बचन कुमार, रंजीत शिव कुमार और चन्दन अनिरुद्ध पाण्डेय को 2-2 विकेट तथा नंदन और करण को 1-1 विकेट मिला।5. सिवान बनाम वेस्ट चम्पारण ( जेपी सिन्हा स्टेडियम, वैशाली ) मैच में सिवान ने 132 रन से जीत दर्ज की।सिवान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 9 विकेट पर 278 रन बनाया। बल्लेबाजी में अनुभव कुमार श्रीवास्तव ने शानदार शताकीय पारी खेली। अनुभव ने 109 गेंद में 9 चौका और 3 छक्का लगाकर 100 रन बनाया, तारिक शैख जमील 72 गेंद 1 चौका 2 छक्का 52 रन और कप्तान सोनू कुमार गुप्ता 62 गेंद 5 चौका 33 रन बनाया। वहीं गेन्दबाजी में मनीष कुमार गिरी ने 10 ओवर 2 मेडन 20 रन 4 विकेट, प्रिंस शाही 10 ओवर 4 मेडन 19 रन 3 विकेट तथा शब्बीर और हैदर को 1-1 विकेट मिले।वेस्ट चम्पारण ने 50 ओवर 9 विकेट पर 146 रन बनाया। बल्लेबाजी में ओम कुमार सिंह ने 59 गेंद में 7 चौका 2 छक्का 50 रन, राम जी पाण्डेय ने 37 गेंद 4 चौका 1 छक्का 29 रन और कमरान ने 42 गेंद 2 चौका 21 रन बनाया। वहीं गेन्दबाजी में कप्तान हिमांशु तिवारी ने 10 ओवर 1 मेडन 56 रन 3 विकेट और औरंगजेब शेख आलम 10 ओवर 55 रन 3 विकेट तथा अनुज शिव कुमार 7 ओवर 67 रन 2 विकेट मिले।

6. खगड़िया बनाम सुपौल ( ल्वफ्छ ग्राउंड बिहटा, बेगूसराय ) मैच में खगड़िया ने 179 रनों से जीत दर्ज की है।

नव शक्ति समाचार पत्र मैं प्रकाशित सामग्री को मौलिक समझकर छापा जाता है। अत: कॉपीराइट संबंधी कोई कार्रवाई संपादक, प्रकाशन एवं मुद्रक पर नहीं की जा सकती है। दावा करने वाले रचनाकार और चित्रकार से संपर्क करें। समस्त विवादों का निपटारा पटना उच्च न्यायालय क्षेत्रान्तर्गत होगा। प्रधान कार्यालय: कृष्णा मार्केट, पहला तल्ला, निकट हड़ताली मोड़ पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना-800023 संपादक प्रकाशक - मुद्रक एवं स्वामी: जयप्रकाश चौधरी, कृष्णा मार्केट, पहला तल्ला, निकट हड़ताली मोड़, पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना द्वारा एसेन कम्प्यूटर, डा.एनी बेसेन्ट रोड, पटना-4 से मुर्दित। सम्पर्क नम्बर: 9473032029, 9939472461 ईमेल- navshakti2010@gmail.com RNI-BIHHIN/2012/43368

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित

**कटिहार।** जिला प्रशासन मुख्यालय में जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा जिले के सभी प्रखंड के स्वास्थ्य केंद्रों में चलाए जा रहे विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रम की जानकारी लेते हुए सभी स्वास्थ्य योजनाओं में विशेष विकास का आवश्यक निर्देश दिया है। जिलाधिकारी द्वारा जिले में संचालित मातृ-शिशु स्वास्थ्य सुविधा, गैर संचारी रोग नियंत्रण सुविधा, टीबी उन्मूलन कार्यक्रम, एनीमिया मुक्त अभियान, भव्या कार्यक्रम, परिवार नियोजन सुविधा, स्वास्थ्य विभाग के नीति आयोग इंडिकेटर में विकास, टीकाकरण व्यवस्था, गंभीर नवजात शिशु स्वास्थ्य जांच के लिए एसएनसीयू व्यवस्था और सभी प्रखंड के स्वास्थ्य केंद्रों और उपस्वास्थ्य केंद्रों के एनक्यूएएस प्रमाणीकरण के लिए आवश्यक तैयारी करते हुए संबंधित रिपोर्ट जिला एवं राज्य स्वास्थ्य विभाग को रिपोर्ट करने का निर्देश दिया गया। समीक्षात्मक बैठक में सिविल सर्जन डॉ जितेंद्र नाथ सिंह, एसीएमओ डॉ जे पी सिंह, डीपीएम डॉ किशलय कुमार, डीसीएम अश्विनी मिश्रा, सीडीओ डॉ अशरफ रिजवी सहित अन्य जिला एवं प्रखंड स्वास्थ्य अधिकारी और कर्मी उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा द्वारा सभी प्रखंड के स्वास्थ्य केंद्रों में गैर संचारी रोग (एनसीडी) नियंत्रण के लिए संचालित मेगा ड्राइव सुविधाओं की जानकारी ली गई। जिलाधिकारी द्वारा कहा गया कि 30 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को विभिन्न गैर संचारी रोग से ग्रसित होने की संभावना अधिक होती है। ऐसे में स्वास्थ्य केंद्रों पर जांच के लिए उपलब्ध लोगों के गैर संचारी रोग का विशेष जांच और उपचार सुविधा आवश्यक होना जरूरी है। गैर संचारी रोग में लोगों द्वारा मधुमेह, गुर्दे की बीमारी, कर्कट रोग, हृदय रोग, अस्थिसंध्यर्ति, ऑस्टियोपोरोसिस, अल्जाइमर रोग, मोतियाबिंद, पार्किंसन रोग, स्वप्रतिरक्षितरोग, स्ट्रोक और अन्य बीमारी शामिल हैं। ऐसे रोग ग्रसित लोगों का स्वास्थ्य केंद्रों में नियमित रूप से उपचार सुविधा उपलब्ध कराई जाती है जिससे संबंधित व्यक्ति ग्रसित बीमारियों को नियंत्रित रख सकते हैं। इसके लिए सभी स्वास्थ्य केंद्रों में मार्च तक मेगा ड्राइव अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत सभी गैर संचारी रोग से ग्रसित मरीजों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी आवश्यक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सभी स्वास्थ्य केंद्रों में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर नियंत्रण की भी जानकारी ली गई। जिलाधिकारी द्वारा कहा गया



कि महिलाओं में गर्भावस्था के बाद से प्रसव तक माँ और नवजात शिशु के बेहतर स्वास्थ्य के लिए नियमित जांच, टीकाकरण और पोषण व्यवस्था का ध्यान रखना जरूरी है। इससे मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को जिले में नियंत्रित रखा जा सकता है। इसके लिए जिलाधिकारी द्वारा सभी स्वास्थ्य अधिकारियों को गर्भवती महिलाओं की नियमित रूप से प्रसव पूर्व जांच और टीकाकरण सुविधा उपलब्ध कराने का आवश्यक निर्देश दिया गया। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा द्वारा सभी प्रखंड में टीबी मुक्त पंचायत बनाने पर विशेष निर्देश जारी किया गया। इसके लिए स्वास्थ्य अधिकारियों को सभी प्रखंडों के विशेष अभियान चलाते हुए टीबी ग्रसित मरीजों की पहचान कर उनका उपचार करने और लोगों को टीबी लक्षण दिखाई देने पर तत्काल चिकित्सकीय सहायता प्राप्त करने के लिए जागरूक करने का निर्देश दिया गया। वर्तमान में जिले के कुछ पंचायत टीबी मुक्त घोषित किया गया है। जिलाधिकारी द्वारा आगे अन्य पंचायत को टीबी मुक्त घोषित करने के लिए स्क्रीनिंग और जागरूकता अभियान चलाने का अधिकारियों को निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा जिले में एनसीडी और टीबी उन्मूलन को 100 दिन में शत प्रतिशत पूरा करने का स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिया गया है। इसके अलावा जिलाधिकारी द्वारा जिले में सिकल सेल एनीमिया ग्रसित लोगों की स्क्रीनिंग करते हुए ग्रसित मरीजों को चिकित्सकीय सहायता प्रदान करते हुए जिले को एनीमिया मुक्त अभियान बनाने का निर्देश दिया गया। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सभी स्वास्थ्य अधिकारियों और कर्मियों को परिवार नियोजन पखवाड़े के दौरान परिवार नियोजन के सभी सुविधाओं का ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभान्वित करने का निर्देश दिया गया है। इसमें जिला एवं प्रखंड स्वास्थ्य केंद्रों द्वारा लोगों को परिवार नियोजन के स्थायी सुविधा उपलब्ध कराते हुए स्वास्थ्य उपकेंद्रों और हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर द्वारा परिवार नियोजन के अस्थायी सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। परिवार नियोजन के स्थायी सुविधा के लिए लोगों को बंध्याकरण और पुरुष नसबंदी सुविधा के साथ साथ अस्थायी सुविधा के लिए आपातकालीन गर्भनिरोधक गोली ईजी पिल्स, दैनिक गर्भनिरोधक गोली माला-एन, साप्ताहिक गोली छाया, तीन माह के लिए अंतरा सुई, कॉपर टी और कॉन्डोम सुविधा सभी स्वास्थ्य केंद्रों में माध्यम से उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी द्वारा स्वास्थ्य विभाग को नीति आयोग के स्वास्थ्य इंडिकेटर्स में देश में दूसरे स्थान पर रहने पर सभी अधिकारियों को अवार्ड दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा आगे भी स्वास्थ्य विभाग को नीति आयोग इंडिकेटर में देश में पहले स्थान पर बने रहने का निर्देश दिया गया। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा द्वारा गर्भवती महिलाओं और बच्चों के नियमित टीकाकरण सुविधा की जानकारी प्राप्त करते हुए सभी लाभार्थियों को शत प्रतिशत टीकाकरण सुविधा नियमित रूप से उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

इसके साथ साथ सदर अस्पताल और प्रखंड स्वास्थ्य केंद्रों में संचालित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों को एनक्यूएएस (राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक) के अनुरूप स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराते हुए संबंधित केंद्रों को राज्य एवं नेशनल एनक्यूएएस प्रमाणपत्र हासिल करने का निर्देश दिया गया। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा द्वारा स्वास्थ्य केंद्र के ओपीडी में बेहतर चिकित्सकीय सहायता प्रदान करने के लिए राज्य स्वास्थ्य मंत्री द्वारा जारी प्रशंसा पत्र डॉ विंकर को सौंपा गया।

## एसबीआई ने देश भर में अपनी पहुंच बढ़ाई, वंचितों को सशक्त बनाया: वित्त मंत्री ने 70 शाखाओं और 501 महिला सीएसपी का किया उद्घाटन

**पटना।** देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक ने 1 जुलाई, 1955 को अपनी स्थापना के 70 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में अपने प्लैटिनम जयंती समारोह की शुरूआत की। समारोह के हिस्से के रूप में, माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने 70 शाखाओं और 501 महिला ग्राहक सेवा केंद्रों (सीएसपी) का उद्घाटन किया, जिससे वंचित आबादी को प्रभावी ढंग से सेवा प्रदान करने के लिए बैंक की प्रतिबद्धता को बल मिला। उद्घाटन डीएफएस सचिव श्री एम. नागराजू और एसबीआई के चेयरमैन श्री सीएस शेट्टी की मौजूदगी में हुआ। अपने दौरे के दौरान, वित्त मंत्री ने बैंक की एक विशेष बोर्ड बैठक को भी संबोधित किया।

बैंक ने अपने 17 स्थानीय मुख्यालयों में 17 सीएसआर पहलों के लिए 26 करोड़ आवंटित करके सामाजिक प्रभाव के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत किया है, जो महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य सेवा और स्वच्छता, आजीविका विकास और पर्यावरणीय स्थिरता में परियोजनाओं का समर्थन करता है। वित्त वर्ष 25 के पहले नौ महीनों में, इसने पहले ही 379 करोड़ रुपये का निवेश कर दिया है, जिससे सामुदायिक विकास और सतत विकास में इसके प्रयासों को और बढ़ावा मिला है। अपने फुटप्रिंट का और विस्तार करते हुए, बैंक ने वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही के दौरान लगभग 100 शाखाएँ जोड़ीं, जिससे उसका शाखाओं का नेटवर्क 22,800 से अधिक हो गया। इसके अतिरिक्त, एसबीआई 78,023 ग्राहक सेवा बिंदुओं (सीएसपी) का एक मजबूत नेटवर्क बनाए रखता है। 70 और शाखाओं और 501 महिला सीएसपी की शुरूआत सरकार की बैंकिंग रहित लोगों को बैंकिंग, असुरक्षित लोगों को सुरक्षित करना और वित्तपोषित लोगों को वित्तपोषित करना की रणनीति के साथ तालमेल बिठाने की बैंक की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। इस अवसर पर वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने कहा, एसबीआई 51 करोड़ से अधिक ग्राहकों के लिए एक विश्वसनीय भागीदार बना हुआ है - जो कई देशों की आबादी से भी अधिक है - जो सभी आय समूहों में आर्थिक प्रगति के लिए अपनी गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। नियामक चुनौतियों और बाजार में व्यवधानों के बावजूद बैंक की विकास और नवाचार करने की क्षमता ने इसके नेतृत्व को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। डिजिटल परिवर्तन को अपनाकर, एसबीआई ने ग्राहक अनुभवों को फिर से परिभाषित किया है, निर्बाध वित्तीय उत्पाद पेश किए हैं और परिचालन दक्षता को बढ़ाया है, जिससे बैंकिंग पहले से कहीं अधिक सुलभ और समावेशी हो गई है₹। उन्होंने आगे कहा कि दुनिया के सबसे बड़े वाणिज्यिक बैंकों में से एक के रूप में, जो वैश्विक आबादी के लगभग 5.6% को सेवा प्रदान करता है, एसबीआई की चपलता और प्रतिस्पर्धात्मकता बेजोड़ है।

वित्त मंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के विशेष अवसर पर 501 महिला ग्राहक सेवा केन्द्रों का उद्घाटन करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की, इसे देश भर में महिलाओं के लिए वित्तीय स्वतंत्रता को बढ़ावा देने के लिए एसबीआई की प्रतिबद्धता में एक मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा, ₹ये सेवा केन्द्र अंतिम छोर तक बैंकिंग पहुँच को बढ़ाएँगे, और अधिक महिलाओं को अपनी वित्तीय भलाई की जिम्मेदारी लेने और भारत की आर्थिक वृद्धि में सक्रिय रूप से योगदान करने के लिए सशक्त करेंगे।

## धर्मेंद्र प्रधान पर भड़के सीएम स्टालिन

**तमिलनाडु।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने सोमवार को केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान पर पलटवार किया है। धर्मेंद्र प्रधान ने लोकसभा की कार्यवाही के दौरान राज्य सरकार को पीएम स्कूल्स फॉर राइजिंग इंडिया (पीएम एसएचआरआई) योजना को लागू करने के मुद्दे पर बेईमान और छात्रों का भविष्य बर्बाद करने वाला करार दिया था। एमके स्टालिन ने एक्स पर तमिल में कड़े शब्दों में लिखे एक पोस्ट में धर्मेंद्र प्रधान के अहंकार की निंदा की और कहा कि वह एक घमंडी राजा की तरह बोल रहे हैं और जिसने तमिलनाडु के लोगों का अनादर किया है, उन्हें अनुशासित किए जाने की आवश्यकता है।

एमके स्टालिन ने एक्स पर लिखा, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, जो खुद को राजा समझते हैं, अहंकार से बोलते हैं, उन्हें अपनी जुबान पर नियंत्रण रखना चाहिए। धर्मेंद्र प्रधान की टिप्पणी पर डीएमके सदस्यों के विरोध के बाद सोमवार को लोकसभा की कार्यवाही लगभग 30 मिनट के लिए स्थगित कर दी गई। पीएम श्री योजना पर एक प्रश्न का उत्तर देते हुए प्रधान ने कहा कि डीएमके के नेतृत्व वाली तमिलनाडु सरकार ने केंद्र प्रायोजित योजना के कार्यान्वयन पर अपना रुख बदल दिया है, जिसमें केंद्र, राज्य या स्थानीय निकायों द्वारा प्रबंधित स्कूलों को मजबूत बनाने की परिकल्पना की गई थी।

पूरक प्रश्न के उत्तर में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा, एक समय था जब तमिलनाडु सरकार केंद्र सरकार के साथ (एनईपी पर) एमओयू पर हस्ताक्षर करने को तैयार थी। तमिलनाडु के शिक्षा मंत्री के साथ कुछ सदस्य हमारे पास आए थे और उन्होंने सहमति व्यक्त की थी। उन्होंने कहा कि कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश और पंजाब जैसे गैर-भाजपा शासित राज्य भी पीएमश्री योजना को स्वीकार कर रहे हैं। प्रधान ने कहा, हम तमिलनाडु को वित्तीय आवंटन कर रहे हैं, लेकिन वे प्रतिबद्ध नहीं हैं। वे (द्रमुक) तमिलनाडु के छात्रों का भविष्य बर्बाद कर रहे हैं। वे जानबूझकर राजनीति कर रहे हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। वे छात्रों के साथ अन्याय कर रहे हैं और अलोकतांत्रिक तरीके से व्यवहार कर रहे हैं।

उन्होंने द्रमुक पर तमिलनाडु के छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकारों को रोकने का आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र सरकार सबके लिए काम कर रही है। प्रधान ने कहा, मेरी जानकारी है कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एनईपी को स्वीकार करना चाहते हैं, लेकिन कुछ लोग उन्हें रोक रहे हैं जो भविष्य में मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं। मुख्यमंत्री (स्टालिन) छात्रों के प्रति ईमानदार नहीं हैं।

# विकास विरोधी है हेमंत सरकार: राफिया नाज

- खजाने में पड़े हैं पैसे और सरकार पैसे का रोना रोती है
- झारखंड सरकार के पास पर्याप्त राशि होने के बावजूद वह इसे सही तरीके से खर्च नहीं कर पा रही है

**रांची।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज ने राज्य सरकार के वित्तीय प्रबंधन पर सवाल उठाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार के पास पर्याप्त राशि होते हुए भी वह योजना के अनुसार खर्च नहीं कर पा रही है। उन्होंने कहा कि पिछले 11 महीनों में राज्य सरकार ने अपनी योजना बजट की केवल 63% राशि खर्च की है, जबकि 37% राशि अभी भी पड़ी हुई है, इससे यह स्पष्ट होता है कि हेमंत सरकार विकास विरोधी सरकार है जो राशि होने के बावजूद जन कल्याणकारी कार्यों में खर्च करने में विफल है। राफिया ने कहा कि यह वित्तीय अराजकता और नाकाम प्रबंधन का स्पष्ट संकेत है। उन्होंने बताया कि सरकार शहरी विकास पर 23%, खाद्य आपूर्ति पर 29%, परिवहन पर 6%, पेयजल एवं स्वच्छता पर 10% और आईटी विभाग पर मात्र 5% राशि खर्च कर पाई है। आईटी विभाग पर सिर्फ 5% खर्च राज्य की सरकार की नाकामी को उजागर करता है, जहां तकनीकी क्षेत्र को भी नजरअंदाज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के द्वारा महत्वपूर्ण विभागों पर खर्च की कमी से जनकल्याण के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। स्वच्छता विभाग, परिवहन विभाग, खाद्य आपूर्ति विभाग और पेयजल विभाग जैसे प्रमुख विभागों में राशि की कमी से जनता को सीधी असुविधा हो रही है। इन विभागों में खर्च की कमी से साफ-सफाई, परिवहन सेवाएं, राशन वितरण और पानी की उपलब्धता जैसी मूलभूत सेवाओं पर असर पड़ रहा है, जिससे राज्य की जनता की परेशानियाँ बढ़ गई हैं। नाज ने कहा कि जनता अब हेमंत सरकार के झूठे वादों से थक चुकी है।

पिछले कुछ सालों में सरकार ने कई योजनाओं का ऐलान तो किया, लेकिन कोई ठोस कार्य नहीं हुआ। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार की नीतियां केवल कागजी दस्तावेज तक सीमित हैं। इन योजनाओं का वास्तविक लाभ जनता को नहीं मिल पा रहा है और सरकार केवल बयानबाजी करके अपनी नाकामियों को छिपाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार ने इस दिशा में त्वरित और ठोस कदम नहीं उठाए तो झारखंड की विकास दर और जनकल्याण कार्यों में और भी रुकावट आएगी। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अपील की कि वे जनता के मुद्दों पर ध्यान दें और यह सुनिश्चित करें कि सरकारी धन का सही तरीके से और जनहित में उपयोग किया जाए। केवल जुमलों से कुछ नहीं होने वाला, सरकार को अपने दायित्वों का पालन करना होगा और जनता को राहत देनी होगी। राफिया नाज ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सवाल किया कि जब राज्य के पास पर्याप्त राशि है, तो वह इसे क्यों नहीं खर्च कर पा रहे हैं और योजनाओं के नाम पर जनता के साथ धोखा क्यों किया जा रहा है? उन्होंने राज्य सरकार से त्वरित और ठोस कदम उठाने की अपील की ताकि शेष राशि का सही उपयोग किया जा सके और जनता को राहत मिल सके।

## डीपी वर्ल्ड ने अपने वेयरहाउस ऑपरेशंस में ऑल-वीमेन शिफ्ट की शुरूआत की

**पटना।** डीपी वर्ल्ड ने गुजरात और राजस्थान में अपने वेयरहाउस ऑपरेशंस में ऑल-वीमेन शिफ्ट की शुरूआत की है यानी इस शिफ्ट में सिर्फ महिला कर्मी हीं काम करेंगी। जल्द ही बिहार और उत्तर प्रदेश के केंद्रों पर भी इस पहल को विस्तार देने की योजना है। इस पहल को लेकर डीपी वर्ल्ड सबकॉन्टिनेंट की वाइस प्रेसिडेंट-पीपुल मोनल श्रीवास्तव ने कहा, डीपी वर्ल्ड ऐसा वर्कफोर्स बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसमें हमारे मूल सिद्धांतों की झलक दिखे। हमारे मूल सिद्धांत हैं, बेहतर भविष्य को आकार देना, अनुकूलता को स्वीकारना और पर्यावरण के अनुकूल विकास को गति देना। लॉजिस्टिक्स ऑपरेशंस में महिलाओं की बढ़ती सहभागिता से उत्पादकता दोगुनी हुई है, जिससे सेक्टर में महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान सामने आया है। हम इस पहल को नए शहरों में विस्तार दे रहे हैं। हम अपने ऑपरेशंस में महिलाओं के लिए अवसर सृजित करने को लेकर उत्साहित हैं। महिलाओं के लिए ज्यादा सुरक्षित एवं सहयोगी माहौल बनाने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत डीपी वर्ल्ड व्यापक इंडक्शन एवं ट्रेनिंग प्रोग्राम्स का संचालन करती है। इन प्रोग्राम्स को कर्मचारियों को सशक्त करने और उनके विकास को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। कार्यस्थल पर प्रशिक्षण और ऑनलाइन पढ़ाई को मिलाकर, प्रशिक्षण सत्रों में काम करने के तरीके, सामान संभालने, सुरक्षा नियमों और तकनीक के इस्तेमाल जैसे जरूरी विषयों को सिखाया जाता है। इससे यह सुनिश्चित होता है कि महिलाओं को अपने काम में आगे बढ़ने और तरक्की करने के लिए जरूरी हुनर और जानकारी मिल जाए।

## गोदाम से ४२ लाख १५ हजार नगद हुए चोरी




**भिवंडी।** भिवंडी के काल्हेर गांव में स्थित अरिहंत कंपाउड के एक गोदाम के कार्यालय में चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आई है। अज्ञात चोरों ने सूने गोदाम का फायदा उठाते हुए बड़ी रकम पर हाथ साफ कर दिया।

कंपनी के गोदाम में एकाउंट मैनेजर के पद पर काम करने वाले शरद सुरेंद्र नाथ सुंदरिया ने नारपोली पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि कंपनी के गोदाम की खिड़की की लोहे की जाली तोड़कर भीतर प्रवेश किया और अलमारी का लॉक तोड़कर ४२ लाख,१५ हजार ,५१६ रुपए नकद चोरी कर लिया। पुलिस नेअज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है और आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

इस वारदात के बाद क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। चोरी की बढ़ती घटनाओं से नागरिकों में डर का माहौल है। पुलिस प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की मांग की जा रही है। नारपोली पुलिस स्टेशन के पुलिस उप निरीक्षक आकाश पवार इस घटना की जांच कर रहे है।

## महिला सुरक्षा को लेकर विजय ने साधा डीएमके पर निशाना

**चेन्नई।** चेन्नई की मेयर आर प्रिया ने अभिनेता से नेता बने विजय पर डीएमके सरकार की आलोचना करने के लिए पलटवार किया। विजय ने तमिलनाडु में महिलाओं की सुरक्षा में विफल रहने का आरोप लगाया था। महिला दिवस के संदेश में विजय ने महिला सुरक्षा पर राज्य सरकार के ट्रैक रिकॉर्ड पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि मैं आप सभी को महिला दिवस की शुभकामनाएं देता हूं। क्या आप खुश हैं? आप तभी खुश रह सकते हैं जब आप सुरक्षित महसूस करें। मैं समझ सकता हूं कि जब आप असुरक्षित होते हैं तो खुश होने के बारे में आपको कैसा महसूस होता है। विजय ने कहा कि आपने और मैंने डीएमके सरकार को चुना। लेकिन अब हमें एहसास हुआ है कि उन्होंने हमारे साथ विश्वासघात किया है। सब कुछ



बदल सकता है। चिंता न करें, 2026 में हम उन लोगों को हटा देंगे जो महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने में विफल रहे।

अभिनेता-राजनेता ने कहा परिवर्तन ही एकमात्र ऐसी चीज है जो स्थिर है। 2026 में हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि महिलाओं की सुरक्षा करने में विफल रही यह सरकार सत्ता से बाहर हो जाए। प्रिया ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए विजय से आग्रह किया कि वे इस तरह के व्यापक बयान देने से पहले राजनीति की वास्तविकताओं से जुड़ें। उन्होंने अभी-अभी राजनीति में प्रवेश किया है और उन्हें और भी राजनीतिक वास्तविकताएँ देखनी हैं। मेयर ने सरकार की पहलों का बचाव करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने महिलाओं के उत्थान के उद्देश्य से योजनाओं को प्राथमिकता दी है। उन्होंने विजय की आलोचना को अनावश्यक बताते हुए कहा कि एक महिला के लिए केवल शिक्षा ही उसके साथ खड़ी होती है, जब उसके रिश्तेदार सहित सभी लोग उसे छोड़ देते हैं। हमारे मुख्यमंत्री ने इसे महत्व दिया है। विजय ने पहले भी तमिलनाडु में महिलाओं की सुरक्षा पर कड़ा रुख अपनाया था और राज्यपाल आर.एन. रवि से उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उपाय लागू करने का आग्रह किया था।

# पाटलिपुत्र खेल परिसर में आज 20वीं नेशनल यूथ एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2025 का हुआ भव्य शुभारम्भ

**पटना।** 20वीं नेशनल यूथ एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2025 का आज भव्य शुभारम्भ हुआ। बिहार में पहली बार 10 से 12 मार्च तक पाटलिपुत्र खेल परिसर ,कंकड़बाग में इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। देश के 26 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 500 से ज्यादा खिलाड़ी और प्रशिक्षक इसमें शामिल हुए हैं।

प्रतियोगिता के पहले दिन हुए खेल के विजेता खिलाड़ियों को बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के पूर्व निदेशक संजय कुमार सिन्हा ने मेडल देकर प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर बिहार एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव लियाकत अली, कोषाध्यक्ष राजू सिंह, झारखंड एथलेटिक्स एसोसिएशन के महासचिव शिव कुमार पांडे ,एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के रमेश सिंह (मुख्य प्रशिक्षक जूनियर एथलेटिक्स) तथा इस प्रतियोगिता के मैनेजर मोहम्मद शम्सी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे । रोमांच और जोश से भरी आज पहले दिन की की प्रतिस्पधाओं के परिणाम इस प्रकार रहे:-

बालिका अंडर 18 आयु वर्ष के 3 हजार मीटर रेस वाक इवेंट में

हरियाणा की योगिता को गोल्ड मेडल ,उत्तराखंड की

सिमरन गुसैन को सिल्वर तथा मध्यप्रदेश की रंजन यादव को ब्रॉन्ज मेडल मिला। बालिका अंडर 18 आयु वर्ष के 400 मीटर दौड़ इवेंट में क्रमशः एडविना जेशन - तमिलनाडु - गोल्ड मेडल, तन्नू - हरियाणा -सिल्वर मेडल तथा दीपिका - हरियाणा - ब्रॉन्ज मेडल विजेता रही। बालक अंडर 18 आयु वर्ष में 5 हजार मीटर रेस वाक इवेंट में नितिन गुप्ता- उत्तर प्रदेश - गोल्ड मेडल, तुसार पंवार - उत्तराखंड - सिल्वर मेडल तथा ऋतुल परिहार - उत्तराखंड - ब्रॉन्ज मेडल विजेता रहे।

बालक अंडर 18 आयु वर्ष के 400 मीटर दौड़ में क्रमशः साकेत मिंज - झारखंड -गोल्ड मेडल ,सईद साबिर -कर्नाटका - सिल्वर मेडल,



कादिर खान - उत्तर प्रदेश - ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किए

बालिका अंडर 18 आयु वर्ष के शॉट पुट इवेंट में

जॉय बैदवान- पंजाब 14.04 मीटर के साथ गोल्ड मेडल,जैस्मिन कौर - पंजाब - सिल्वर मेडल तथा द्रोणा चौधरी - राजस्थान -ब्रॉन्ज मेडल विजेता रही।

बालक वर्ग के अंडर 18 आयु वर्ष में हेप्टाथलॉन के शॉट पुट इवेंट में अभिनव श्रीराम - केरला 12.96 मीटर में 665 पॉइंट प्राप्त कर पहले स्थान पर रहे

जाखड़ राहुल - गुजरात 12.87 मीटर के साथ 659 पॉइंट प्राप्त कर दूसरे स्थान पर रहें।

कार्तिक कड़ा - तेलंगाना 12.75 मीटर के साथ 652 पॉइंट प्राप्त कर तीसरे नम्बर पर रहें ।

बालक अंडर 18 आयु वर्ष में डिस्कस थ्रो इवेंट में क्रमशः

निश्चय - हरियाणा 62.14 मीटर के साथ गोल्ड मेडल,विशाल कुमार - राजस्थान 56.71 मीटर के साथ सिल्वर मेडल,अखिल कुमार - हरियाणा 54.63 मीटर के साथ ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया ।बालक वर्ग के अंडर 18 आयु वर्ष के हाई जम्प इवेंट में क्रमशःअफरोज अहमद - झारखंड 2.40 मीटर के साथ गोल्ड मेडल,देवक भूषण - केरला 2.4 मीटर जम्प के साथ सिल्वर मेडल,

हिमांशु कुमार सिंह - झारखंड 2.2 मीटर के साथ ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किये ।

बालक वर्ग के अंडर 18 आयु वर्ष के 100 मीटर दौड़ में क्रमशः

चिरंथ - कर्नाटका 10 सेकेंड एवं 89 माइक्रो सेकेंड के साथ गोल्ड मेडल,

फेडरिक रसेल - तमिलनाडु 11 सेकेंड 4 माइक्रो सेकेंड के साथ सिल्वर मेडल, दिव्यांश कुमार राज - बिहार 11 सेकेंड एवं 8 माइक्रो सेकेंड के साथ ब्रॉन्ज मेडल के विजेता बने ।बालिका अंडर 18 आयु वर्ष के 100 मीटर दौड़ में आरती - हरियाणा 12 सेकेंड 23 माइक्रो सेकेंड के साथ गोल्ड मेडल, प्रिशा मिश्रा - हरियाणा 12 सेकेंड एवं 24 माइक्रो सेकेंड के साथ सिल्वर मेडल,शौर्या अम्बोरे - महाराष्ट्रा 12 सेकेंड 40 माइक्रो सेकेंड के साथ ब्रॉन्ज मेडल की विजेता रही।